# दिल्ली पब्लिक स्कूल गया

(दिल्ली पब्लिक स्कूल सोसाइटी, नई दिल्ली के तत्वावधान में)
सी.बी.एस.ई नई दिल्ली से संबद्ध संबद्धता संख्या: 330530 | विद्यालय कोड: 65572

संदर्भ संख्या: DPSG/008/ 1878/2026-27 दिनांक: 20.07.2026

## परिपत्र

### हिंदी कहानी–वाचन प्रतियोगिता (कक्षा: प्री–नर्सरी से द्वितीय)

*"हर कहानी एक नई सीख देती है, कल्पना को पंख देती है और आत्मविश्वास बढ़ाती है।"*

दिल्ली पब्लिक स्कूल गया द्वारा कक्षा प्री–नर्सरी से द्वितीय तक के विद्यार्थियों के लिए हिंदी कहानी–वाचन प्रतियोगिता का आयोजन 22 जुलाई 2026 को किया जा रहा है। इस गतिविधि का उद्देश्य विद्यार्थियों में हिंदी भाषा के प्रति रुचि, आत्मविश्वास, प्रभावी अभिव्यक्ति तथा मंच पर बोलने के कौशल का विकास करना है।

### कार्यक्रम का विवरण

- **समयावधि:** दो से तीन मिनट
- **स्थान:** संबंधित कक्षाएँ
- **समय:** संबंधित हिंदी कालांश

### प्रतियोगिता के नियम

- प्रतियोगिता का संचालन संबंधित हिंदी शिक्षिकाएँ अपने–अपने हिंदी कालांश में करेंगी।
- प्रत्येक विद्यार्थी अपनी पसंद की एक सरल एवं प्रेरणादायक हिंदी कहानी सुनाएंगे।
- कहानी कंठस्थ होनी चाहिए। पढ़कर सुनाने की अनुमति नहीं होगी।
- उचित हाव–भाव, स्वर का उतार–चढ़ाव एवं आत्मविश्वासपूर्ण प्रस्तुति को प्रोत्साहित किया जाएगा।
- निर्णय स्पष्ट उच्चारण, प्रभावी अभिव्यक्ति, आत्मविश्वास, विषय–वस्तु एवं समय–सीमा के आधार पर किया जाएगा।

प्रधानाध्यापिका प्रधानाचार्य